नवभारत

बांद्रा स्टेशन पर नाटक का मंचन

■ **बांद्रा, नवभारत न्यूज नेटवर्क.** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर 10 अक्टूबर को रिजवी एजुकेशन सोसाइटी के अंतर्गत हेल्प योरसेल्फ फाउंडेशन और रिजवी कॉलेज ऑफ़ एजूकेशन के तत्वाधान में बी.एड. द्वितीय वर्ष के छात्रों ने बांद्रा रेलवे स्टेशन के पास 'प्रिजन विदाउट वॉल' का मंचन किया गया. कार्यक्रम का मार्गदर्शन रिजवी एजुकेशन सोसाइटी के अध्यक्ष अख्तर हसन रिजवी तथा निर्देशिका एडवोकेट रुबीना अख्तर रिजवी ने किया गया. यह नुक्कड़ नाटक मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाने के लिए किया गया.

कार्यक्रमों की आवश्यकता समाज में है

कॉलेज की प्राचार्य डॉ. स्पोटी कार्तिक का कहा कि दुनिया भर में मानसिक स्वास्थ्य आज प्रमुख चिंता का विषय है. इसलिए ऐसे कार्यक्रमों की आवश्यकता हमारे समाज में है. नुक्कड़ नाटक की सफलता का श्रेय बीएड छात्रों के साथ उनके पीछे सतत मार्गदर्शन करने वाले शिक्षक डॉ. ज्ञान प्रकाश आर्य, नाहिदा मांडवीवाला तथा कार्यक्रम की संयोजिका डॉ. प्रियंका पांडेय को जाता है.

Mumbai-plus Edition
13-october-2023 Page No. 2
epaper.enavabharat.com